# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# अब हेल्थकेयर सेक्टर मे भी अडानी की एंट्री, 60,000 करोड़ का निवेश, बनेगा AI आधारित 1000 बेड का सुपर हॉस्पिटल।

Publisher Published on 11 Jul 2025



**अडानी ग्रुप हेल्थ सेक्टर मे 60,000 करोड़ का निवेश कर AI आधारित सुपर हॉस्पिटल्स बनाएगा, मुंबई और अहमदाबाद से होगी शुरुआत।**

**Gautam adani invest in healthcare:** भारत के **हेल्थकेयर सेक्टर** में आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। देश के प्रमुख **उद्योगपति गौतम अडानी** (**Gautam Adani**) ने शुक्रवार को ऐलान किया कि **अडानी ग्रुप अब हेल्थकेयर सेक्टर** में बड़ी शुरुआत करने जा रहा है।

**अडानी ग्रुप** की योजना है कि **मुंबई** और **अहमदाबाद** में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस **AI** (**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**) आधारित हॉस्पिटल स्थापित किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट के लिए **60,000 करोड़ रुपये** के निवेश की घोषणा की गई है।

### हेल्थकेयर सेक्टर मे नई क्रांति लाएंगे अडानी

मुंबई में सर्जनों को संबोधित करते हुए **गौतम अडानी** ने कहा, "आज देश में बैक लोअर पेन (रीढ़ की समस्या) एक गंभीर समस्या बन चुकी है। अगर लोग खड़े नहीं हो पा रहे हैं, तो देश कैसे खड़ा होगा?"

अडानी ने कहा कि उनका लक्ष्य सिर्फ अस्पताल खोलना नहीं है, बल्कि हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर को सस्ता, टिकाऊ और आधुनिक बनाना है। उन्होंने इसे केवल बदलाव नहीं बल्कि एक स्वास्थ्य क्रांति (Health Revolution) बताया।

### कैसे होंगे ये हॉस्पिटल ?

**अडानी ग्रुप** के इन हॉस्पिटल्स को **Adani Healthcare Temples** नाम दिया जाएगा। इन अस्पतालों की प्रमुख विशेषताएं होंगी:

१. **1000 बेड की क्षमता**
२. **AI आधारित चिकित्सा सुविधाएं**
३. **चिकित्सा शिक्षा, ट्रेनिंग और रिसर्च के लिए विशेष केद्रं**
४. **अमेरिकी हॉस्पिटल मायो क्लिनिक (Mayo Clinic) के साथ रणनीतिक साझेदारी**
५. **सस्ती और सुलभ हेल्थकेयर सेवाएं**

### कहां-कहां होंगे हॉस्पिटल ?

प्रारंभ में इन अस्पतालों की शुरुआत **मुंबई** और **अहमदाबाद** से होगी और भविष्य में देश के अन्य हिस्सों में भी विस्तार किया जाएगा। **गौतम अडानी** ने स्पष्ट किया कि इन हॉस्पिटल्स का उद्देश्य अन्य निजी अस्पतालों से प्रतिस्पर्धा करना नहीं है, बल्कि उन क्षेत्रों में काम करना है जहां अभी भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं हैं।

### हेल्थ, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेटं मे 100 अरब डॉलर निवेश का लक्ष्य

**गौतम अडानी** ने कहा कि अगले पांच वर्षों में **हेल्थकेयर, एजुकेशन** और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्रों में **अडानी फैमिली** का लक्ष्य **कुल 100 अरब डॉलर** का निवेश करना है।

उनका मानना है कि भारत को भविष्य में किसी भी महामारी से निपटने के लिए **सशक्त स्वास्थ्य ढांचा** तैयार करना होगा और यही इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य है।

### हेल्थ सेक्टर मे क्यों की एंट्री ?

**गौतम अडानी** का मानना है कि हेल्थकेयर सेक्टर में अब तक अपेक्षित रफ्तार से विकास नहीं हो पाया है। इसलिए अडानी ग्रुप इस क्षेत्र में कदम रखकर **स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक सुलभ बनाना** चाहता है। उन्होंने कहा कि यह केवल व्यवसाय नहीं बल्कि **सामाजिक जिम्मेदारी** है।

**गौतम अडानी** का हेल्थ सेक्टर में प्रवेश भारत के लिए एक बड़ा कदम माना जा रहा है। **AI** आधारित **सुपर हॉस्पिटल्स** और **विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं** के माध्यम से भारत का **हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर** नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। आने वाले समय में अडानी ग्रुप इस क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.